THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI JANESHWAR MISHRA): (a) Electronic RLU in partial replacement of '46' exchange has already been commissioned on 13th August, 1990. RLU in partial replacement of '45' exchange is likely to be commissioned in September, 1990.

(b) No, Sir! all the subscribers are not affected. Some are affected due to cable breakdown caused by heavy and incessant rains.

(c) Yes Sir! some of the lines are continuously out of order due to cable faults for fairly long period. Action has been initiated to restore the lines.

(d) There are 32 lines faulty for over one month in Mahesh Dutt Lane of Chetla. All these lines are likely to be restored by the end of September, 1990. Rental rebate for these lines will be included in the billing cycle of November, 1990.

निःशुल्क टेलीफोन कालों की संख्या को घटाया जाना

*292. **श्री मुरलीधर कान्हकांत भंडारे :**
श्री अनन्त राम जायसवाल :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जब सरकार ने निःशुल्क टेलीफ़ोन के कालों की संख्या को 275 से घटा कर 150 करने का निर्णय किया था उस समय क्या उन को यह पता था कि टेलीफ़ोन केन्द्रों की तकनीकी खराबियों के कारण आमतौर से सही नम्बर नहीं मिलते और उसी नम्बर को पाने के लिये कई बार नम्बर घुमाना पड़ता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार तकनीकी खराबियों के कारण गलत नंबरों की प्रतिशत तथा टेलीफ़ोन कालों की बहुत ऊंची दर को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क कालों की संख्या को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी हां, तकनीकी समस्याओं के कारण, सरकार को कुछ गलत कालों की सम्भावना के बारे में जानकारी थी।

(ख) प्रशासनिक स्टाफ़ कालेज द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार तकनीकी कारणों से आरोपित गलत कालों का औसत 2.8 प्रतिशत है। वर्तमान निःशुल्क कालों की संख्या इससे काफ़ी ऊपर है। और अधिक इलेक्ट्रोनिक टेलीफ़ोन एक्सचेंजों और पुश बटन उपकरणों की शुरुआत के साथ, गलत कॉलों की संख्या और अधिक कम होने की संभावना है। अतः इस बात को लेकर निःशुल्क कालों में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

नए डाकघर तथा शाखा डाकघर खोलने के लिए लक्ष्य

*293. **श्री राम नरेश यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1990-91 में नए डाकघर तथा शाखा डाकघर खोलने के लिए कितना लक्ष्य रखा गया है और उस पर कुल कितनी राशि खर्च की जाएगी और साथ ही इन डाकघरों के लिए कितने कर्मचारियों की आवश्यकता होगी; और

(ख) डाकघरों तथा कर्मचारियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) और (ख) वार्षिक योजना 1990-91 में ग्रामीण क्षेत्रों में 1,000 नए अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर और औद्योगिक क्षेत्रों/परियोजना स्थलों/नई शहरों कालोनियों आदि में

200 विभागीय उप डाकघर खोले जाने की व्यवस्था है। योजना आयोग ने इस काम के लिए 3 करोड़ रुपये के परिव्यय की मंजूरी दी है जिसकी तुलना में 1990-91 के बजट प्राक्कलन में 1.5 करोड़ रु० की व्यवस्था की गई है।

इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए सृजित किए जाने वाले नए पदों की संख्या पहले से निर्धारित नहीं है। प्रत्येक नए डाकघर के लिए अपेक्षित पदों की गणना प्रत्येक डाकघर के अनुमानित कार्यभार के साथ-साथ उसकी अनुमानित लागत और आय के आधार पर हर मामले में अलग-अलग की जाती है। इस काम पर लगाये जाने वाले कुल कर्मचारियों की संख्या इस कार्यक्रम के पूरी तरह कार्यान्वित होने पर ही पता चलेगी।

प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में काम कर रहे डाकघरों की संख्या और कर्मचारियों की संख्या क्रमशः अनुबंध-1 और अनुबंध-2 में दी गई है।

अनुबंध-1

राष्ट्रीय डाक नेटवर्क

(31 मार्च, 1990)

क्र.सं.	राज्य / संघ शासित क्षेत्र	शहरी	ग्रामीण	कुल	प्रति डाकघर औसत जनसंख्या (1981 जनगणना)	प्रति डाकघर औसत क्षेत्र वर्ग कि० मी०
1	2	3	4	5	6	7
1.	आन्ध्र प्रदेश	1459	14785	16244	3296	16.93
2.	असम	258	3322	3580	5558	21.91
3.	अरुणाचल प्रदेश	9	240	249	2538	336.31
4.	बिहार	581	10599	11180	6253	15.55
5.	गोवा	56	180	236	4251	14.46
6.	गुजरात	943	7696	8639	3945	22.69
7.	हरियाणा	307	2176	2483	5204	17.42
8.	हिमाचल प्रदेश	101	2438	2539	1687	21.93
9.	जम्मू एवं कश्मीर	195	1334	1529	3915	145.35
10.	कर्नाटक	1314	8293	9607	3865	19.96
11.	केरल	686	4161	4847	5252	8.02
12.	मध्य प्रदेश	1073	9746	10819	4823	40.98
13.	महाराष्ट्र	1436	10321	117757	5340	26.17
14.	मणिपुर	21	555	5576	2471	38.83
15.	मेघालय	30	416	446	2995	50.28
16.	मिजोरम	37	285	332	1533	65.47

1	2	3	4	5	6	7
17.	नागालैंड .	19	243	262	2958	63.28
18.	उड़ीसा .	586	7119	7705	4322	20.20
19.	पंजाब .	454	3288	3742	4486	13.46
20.	राजस्थान .	616	8944	9760	3510	35.06
21.	सिक्किम .	13	129	142	2228	49.97
22.	तमिलनाडु .	2095	9871	11966	4044	10.86
23.	त्रिपुरा .	47	605	652	3149	16.08
24.	उत्तर प्रदेश .	2098	16703	18801	5897	5.66
25.	पश्चिम बंगाल .	1094	7221	8315	6564	10.67
	संघ राज्य क्षेत्र					
1.	अंडमान निकोबार द्वीप समूह .	12	82	94	2007	87.75
2.	चंडीगढ़ .	42	6	48	9408	2.37
3.	दिल्ली .	421	115	536	11626	2.75
4.	दादरा व नगर हवेली .	1	32	33	4142	14.87
5.	दमण और दीव	4	14	18	4387	6.22
6.	लक्षद्वीप .	—	10	10	4025	3.20
7.	पांडिचेरी .	41	58	99	6105	4.97
	कुल : .	16,249	1,30,987	1,47,236	4654	22.32

अनुबन्ध—2

कर्मचारियों की संख्या

(31.3.1989 की स्थिति)

सर्किल का नाम	कर्मचारियों की संख्या		कुल
	विभागीय	अतिरिक्त विभागीय	
आंध्र प्रदेश . . .	19909	30319	50228
असम . . .	5700	8189	13889
बिहार . . .	17571	19807	37378
दिल्ली* . . .	13959	644	14603
गुजरात . . .	17305	17331	34636

*दिल्ली के आंकड़ों में निदेशालय के राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों की संख्या शामिल है।

सर्किल का नाम	कर्मचारियों की संख्या		कुल
	विभागीय	अतिरिक्त विभागीय	
हरियाणा . . .	5659	4286	9945
हिमाचल प्रदेश . . .	2801	6263	9064
जम्मू व कश्मीर . . .	2238	3205	5443
कर्नाटक . . .	16654	16704	33358
केरल . . .	14577	12393	26970
मध्य प्रदेश . . .	13993	23237	37230
महाराष्ट्र . . .	37356	23391	60747
उत्तर पूर्व . . .	2696	6070	8766
उड़ीसा . . .	8635	18265	26900
पंजाब . . .	9407	6761	16168
राजस्थान . . .	11637	15959	27596
तमिलनाडु . . .	31177	25004	56181
उत्तर प्रदेश . . .	31247	39899	71146
पश्चिम बंगाल . . .	25900	21163	47063
कुल :	288421	298890	587311

जो राज्य/संघ राज्य क्षेत्र उपर्युक्त विवरण में शामिल नहीं है, उन्हें उपर्युक्त राज्यों में निम्नानुसार शामिल किया गया है :

गोवा	: महाराष्ट्र
मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश	: उत्तर पूर्व
सिक्कम तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	: पश्चिम बंगाल
पांडिचेरी	: तमिलनाडु
लक्षद्वीप	: केरल
चंडीगढ़	: पंजाब
दमण और दीप	: गुजरात

देश में बिना तारघर के जिला मुख्यालय

*294. **श्रीमती सुषमा स्वराज:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कितने जिला मुख्यालय ऐसे हैं जहां अभी तक डाकघर की व्यवस्था नहीं है;

(ख) इन मुख्यालयों तथा उनके राज्यों के नाम क्या-क्या हैं; और

(ग) क्या सरकार ने एक निश्चित अवधि जके अन्दर देश के सभी जिला मुख्यालयों में तारघर की व्यवस्था करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र : (क) देश के सभी राजस्व जिला मुख्यालयों में संयुक्त डाक एवं तार घरों अथवा स्वतंत्र तारघरों के जरिए तार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। 31.3.1990 की स्थिति के अनुसार उन राजस्व जिला मुख्यालयों की संख्या 125 है जिनमें स्वतंत्र तारघर नहीं है।

(ख) जिन जिला मुख्यालयों में स्वतंत्र तारघर नहीं है उनकी सूची संलग्न विवरण में दी गई है। **(नीचे देखिये)**

(ग) सभी राजस्व जिला मुख्यालयों में आठवीं योजना अवधि के दौरान स्वतंत्र तारघर स्थापित किये जाएंगे।